फा.सं.-12016/02/2024-रा.भा.(का-2)

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

राजभाषा विभाग

***

एन.डी.सी.सी.-।। भवन, जय सिंह रोड,

नई दिल्ली-110001,

दिनांक: 5 .07.2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय- हिंदी दिवस एवं चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के संयुक्त आयोजन के लिए प्रतीक चिह्न (Logo) निर्माण के संबंध में।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार 14 व 15 सितम्बर 2024 को नई दिल्ली स्थित "भारत मंडपम" में दो दिवसीय हिंदी दिवस एवं चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का संयुक्त आयोजन कर रहा है। इस सम्मेलन की अध्यक्षता माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार श्री अमित शाह जी करेंगे। इस सम्मेलन में मुख्य सत्र के अलावा हिंदी से जुड़े विभिन्न विषयों पर कई समानांतर शैक्षिक सत्र आयोजित किए जाएंगे।

2. इस महत्वपूर्ण सम्मेलन हेतु तत्काल एक 'प्रतीक चिह्न (Logo)' डिजाइन किया जाना है जिसके लिए अल्प समय में एक प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है जिसमें आपकी भागीदारी अपेक्षित है। इस 'लोगो'(Logo) के निर्माण में राजभाषा, हिंदी दिवस, आजादी के अमृत काल की महत्ता, सम्मेलन का स्थल दिल्ली एवं आयोजन स्थल भारत मंडपम की पृष्ठभूमि आदि को रखा जाना समीचीन होगा।

3. सभी मंत्रालयों/विभागों/उपक्रमों/बैंक/स्वायत संगठन/अधीनस्थ कार्यालयों के प्रमुखों से अनुरोध किया जाता है कि वे अपने-अपने संगठनों से इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों से **प्रतीक चिह्न (Logo) का नमूना (JPG/PDF)तैयार करवा कर** दिनांक 26.07.2024, सांय 05 बजे तक विभाग के अनुसंधान अधिकारी की ईमेल आईडी **-santosh.gupta89@nic.in** पर भिजवाना सुनिश्चित करें। हस्तनिर्मित **चिह्न (Logo) अस्वीकार्य होगा।**

4. चयन समिति द्वारा चुने गए सर्वश्रेष्ठ **लोगो(Logo)** का प्रयोग दिनांक 14-15 सितम्बर 2024 को आयाजित होने वाले राजभाषा सम्मेलन में किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ प्रथम 3 'प्रतीक चिह्न (Logo)'को राजभाषा विभाग द्वारा पुरस्कार दिए जा सकते है। साथ ही प्रतियोगिता के पांच सर्वश्रेष्ठ **लोगो(Logo)** प्रतिभागियों को राजभाषा विभाग की ओर से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे।

अनिल कुमार

(अनिल कुमार)
उप सचिव (का.)

प्रतिः-

1. **सभी मंत्रालयों/विभागों/उपक्रमों/बैंक/स्वायत संगठन/अधीनस्थ कार्यालयों के प्रमुख।**
2. **सभी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय के कार्यालय प्रमुख।**
3. **सभी नराकासों के अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव।**